Std .III Hindi Lit.

पाठ -15

कंप्यूटर

शब्दार्थ

अनिवार्य --- बहुत ज़रूरी

प्रोग्राम --- कार्यक्रम

कुंजी --- कीबोर्ड का बटन

ट्यूटर --- पढ़ाने वाला

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-

Q.1. कंप्यूटर का दिमाग किसे कहा गया है?

उत्तर :- कंप्यूटर का दिमाग सी. पी. यू. (C.P.U.) को कहा गया है।

Q.2. मॉनीटर हमें क्या दिखलाता है?

उत्तर :- मॉनीटर हमें कंप्यूटर में हो रही गतिविधियाँ और प्रोग्राम को दिखाता है।

Q.3. कंप्यूटर को नवयुग का ट्यूटर क्यों कहा गया है? उत्तर :- कंप्यूटर बहुत काम की वस्तु है यह विज्ञान का एक अनोखा आविष्कार है यह हमारा कोई भी काम जल्दी तथा आसानी से करता है इसलिए इसे नवयुग का ट्यूटर कहा जाता है।

Q.4. कंप्यूटर को 'निराला' क्यों कहा गया है?

उत्तर :- कंप्यूटर हमारे काम भी आता है और मनोरंजन का साधन भी , अतः इसे 'निराला' कहा गया है।

Q.5. कंप्यूटर की कुंजी से हम क्या कर सकते हैं?

उत्तर :- कंप्यूटर की कुंजी से हम हिंदी या अँग्रेज़ी अंक टाइप कर सकते हैं।

Q.6. माउस किस काम आता है?

उत्तर :- माउस से ही कंप्यूटर के सभी आदेशों का संचालन होता है ।कंप्यूटर इसी के वश में होता है।

Q.7. प्रिंटर से क्या लाभ है? लिखिए।

उत्तर :- प्रिंटर से हम कविता, लेख, कुछ भी लिखकर या चित्र बनाकर तुरंत छपाई कर सकते हैं तथा जितनी चाहें उतनी संख्या में उसकी प्रतियाँ भी निकाल सकते हैं।

भाषा संसार-

दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखें-

चूहा --- चूहे

बेटा --- बेटे

लड़का --- लड़के

आँख --- आँखें

पुस्तकें --- पुस्तकें

किताब --- किताबें

कविता --- कविताएँ

भाषा --- भाषाएँ

वस्तु --- वस्तुएँ